डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुधनी, कोलार, बैरसिया | माघ कृष्ण पक्ष, 10- 2082 | भोपाल, दिन सोमवार, दिनांक 12 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

युवा लोक जनशक्ति पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित, यश बने अध्यक्ष

भोपाल। युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने मध्य प्रदेश में अपनी प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। शनिवार को भोपाल के भोजपुर स्थित में आयोजित कार्यक्रम में यश तिवारी को युवा लोक जनशक्ति पार्टी, मध्य प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनके साथ अकबर पुजारी को प्रदेश उपाध्यक्ष, विजय तिवारी को प्रदेश महासचिव और निखिल सिंह को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जय कुमार ठाकुर गौतम रहे। उन्होंने कहा कि पार्टी संस्थापक रामविलास पासवान की सामाजिक न्याय की विचारधारा को आगे बढ़ाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। ठाकुर ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी ऐसे लोगों पर फोकस करेगी, जो भविष्य में प्रदेश की दिशा और दशा बदलने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। प्रदेश कार्यकारिणी यश तिवारी ने कहा कि युवा लोक जनशक्ति पार्टी का फोकस युवाओं को रोजगार, स्वास्थ्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास और गरीब, महिला व वंचित वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने पर रहेगा। पार्टी जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार करेगी।

आज से संकल्प से समाधान दिलाएंगे योजनाओं का लाभअभियान, हितग्राहियों को

भोपाल। सोमवार से प्रदेश में केंद्र और राज्य की योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को दिलाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान 31 मार्च तक चलेगा। स्वामी विवेकानंद की जयंती 12वा दिवस पर शुरू होने वाले इस अभियान में ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने 4 चरणों में अभियान चलेगा। हितग्राहियों को लाभ दिलाने के अलावा ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति और आवेदनपंजीकरणों के लिए दल बनेंगे, जिलाका एक नोडल अधिकारी होगा।

मकर संक्रांति के बाद 4 दिन बाद मावठे के आसार

भोपाल। भोपाल समेत प्रदेशभर में मकर संक्रांति के बाद मौसम बदल सकता है। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि 19 या 20 जनवरी से भोपाल, ग्वालियर-चंबल समेत कई इलाकों में बादल छा सकते हैं। मावठे के भी आसार हैं। जनवरी हलके के मध्य में एक मजबूत वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के पहुंचने के संकेत है। इसके असर से पहाड़ों पर बर्फबारी होगी और मैदानों में मौसम बदलेगा। शनिवार को भोपाल में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज किया गया। 24 घंटे में इसमें 0.8 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। इसके बावजूद यह सामान्य से 2.4 डिग्री कम रहा। दिन का अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो 0.4 डिग्री अधिक रहा।

आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

भोपाल। बीबी-जी रामजी जनजागरण अभियान अगले दो महीने तक पार्टी के संगठनात्मक हर जिले और मंडल स्तर पर चलेगा। भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष जयवर्धन सिंह चावड़ा ने हर जिले में चार-चार नेताओं की एक समिति का गठन कर दिया है। बुधवार सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में राज्य स्तरीय कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

शुभारंभ सीएम व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जंबूरी मैदान में कृषक कल्याण वर्ष-2026 का किया शुभारंभ

कहा-किसानों के हित में हमने जो कहा, वह करके भी दिखाया

सीएम ने यादव ने चलाया ट्रैक्टर किसानों के संग रैली में हुए शामिल

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

प्रदेश के किसानों के लिए वर्ष 2026 नई उम्मीदों और नए अवसरों का वर्ष होगा। प्रदेश सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। आधुनिक तकनीक, बन्ना बीज, सिंचाई, मंडलाल और बाजार तक बेहतर पहुंच के माध्यम से खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया जाएगा। किसानों के हित में हमने जो कहा, वह करके भी दिखाया है। हर कदम पर, हर जरूरत के वक्त सरकार किसानों के साथ खड़ी है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को भोपाल के जंबूरी मैदान में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाने एवं

नई व्यवस्था के तहत अब किसान पोर्टल और मोबाइल एप के माध्यम से खाद की आसान बुकिंग और सीधे डिलीवरी की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। इससे किसानों को खाद के लिए भटकना नहीं पड़ेगा

हर कदम पर, हर जरूरत के वक्त सरकार किसानों के साथ खड़ी

सीएम ने कोकता बायपास स्थित आरटीओ कार्यालय से लगभग 1101 ट्रैक्टरों की रैली को हरी झंडी

जंबूरी मैदान में ई-विकास पोर्टल, एसी स्टैक वितरण प्रणाली और खाद आपूर्ति पोर्टल का शुभारंभ किया

फसल नुकसान का आधुनिक तकनीक से होगा सर्वे

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यभर विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत के लिए सरकार के 16 से अधिक विभाग, स्थानीय अपनी सरकार से किसानों को एकजुट कर रहे हैं। सीएम मोहन के बाद अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी थी कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के मंच पर कौन आएंगे। कृषि आय वित्त योजनाओं के विकास में किसानों की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। ऐसे प्रयोग जनता पार्टी को मजबूत सशक्त करेंगे। प्रदेश में कोल्ड स्टोरेज कार्य से जुड़ी सभी प्रतिष्ठानों को और अधिक सशक्त कर सभी मंडियों का भी आधुनिकीकरण किया जाएगा। कृषि विज्ञान और मूल्य कृषि विज्ञान (वीवी) केंद्रों में एक्सी कंपनी के लिए फार्म की जरूरत पड़ जाए तो जल्द पूर्ति कर दी जाएगी। किसानों को सोने जैसी कीमत मुहैया की जाएगी। किसानों को सुरक्षा की दृष्टि से आधुनिक तकनीक से सर्वे कराया जाएगा। इससे किसानों को मुआवजे की दृष्टि से लाभ मिल सकेगा।

किसानों के लिए पोर्टल

डिंडोरी में बनेगा राज्य श्रीअन्न अनुसंधान केंद्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार खेती से निकलने वाली फसलों से भी किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास करेगी। मध्यप्रदेश ने फसलों-फसल विविधीकरण (डिवर्सिटी) नहीं किया एवं जैव-विविधता नहीं किया। राष्ट्रीय परिवर्तन कार्यक्रम के तहत 26 जिलों में 16 लाख हेक्टेयर के अधिक प्रतिहेक्टेयर मुख्य फसल उत्पादन हो उत्पादन। प्रदेश में श्रीअन्न उत्पादन एवं बढ़ावा देने के लिए डिंडोरी जिले में एक राज्य श्रीअन्न अनुसंधान केंद्र की स्थापना की जाएगी। महिलाओं में उत्पादों अनुसंधान और उत्पादन में अनुसंधान स्थापित किया जा रहा है।

मुस्कुराता रहा राजू ईरानी, बोला- जल्द छूट जाऊंगा

कोर्ट में भी मुस्कुराता रहा राजू।

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

देशभर में वांटेड और 20 साल से लापता-रंगदारी की पुलिसी बीन बजाने वाले राजू ईरानी को पुलिस रविवार को सुबह भोपाल ले आई। निशातपुरा थाना पुलिस ने शाम करीब बजे उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 17 जनवरी तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

पेशी के दौरान राजू मुस्कुराते हुए कोर्ट रूम में दाखिल हुआ और खुद को निर्दोष बताता रहा। विशेष न्यायाधीश तथागत बाजिक की कोर्ट में पेशी के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर कोर्ट परिसर के गेट बंद रखे गए। राजू की ओर से रिमांड का विरोध किया गया, लेकिन कोर्ट ने पुलिस की मांग स्वीकार कर ली। जब पुलिस रिमांड के लिए उसे ले जाने लगी तो हंसते हुए राजू बोला- जल्द छूट जाऊंगा। शनिवार को राजू को सुहा आश्रम क्षेत्र से गिरफ्तार किया था।

पेशी से पहले हंगामा, कोर्ट में

पेशी से पहले ईरानी के रहने वाली महिलाओं ने हंगामा किया। पत्नी तनु ने दावा किया कि उसे पकड़ी और बीपी की बीमारी है और इलाज के लिए वह सुरत गया था। उसे झूठ फंसाया जा रहा है।

खुद को पत्रकार बताते हुए पुलिस से भिड़ी, लोगों को भड़काया, नारे भी लगाएय कैश दर्ज

पुलिस ड्रामा करने वाली युवती की तला श शुरु की

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल के भानपुर चौराहे पर शनिवार देर रात एक युवती ने ऐसा हंगामा किया कि देखने वालों की भीड़ लग गई। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों को युवती ने दिखाई सुर्खी दी, बल्कि खुद को एक प्रतिष्ठित मीडिया समूह का पत्रकार बताते हुए नारेबाजी शुरू कर दी।

पुलिस उसे समझाती रही, लेकिन वह उल्टा पुलिस को ही धमकाने लगी। मामला तब बढ़ गया जब वह एक्सीडेंट की घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग करने लगी। पुलिस का आरोप है कि वो राह के नजदीक जा रही थी। सूचना मिलने पर उसे रोकने की कोशिश की,

करने को लेकर पुलिस से भिड़ गई। एक घंटे तक चले ड्रामे के बाद युवती स्कूटी लेकर वहां से चली गई। लेकिन मौके पर पुलिस ने उसके खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं में एफ दर्ज कर दी है।

टायर में फंसा लव निकाल रही थी पुलिस

मामला रात लगभग 10 बजे भानपुर चौराहे का है, जहां एक बाइक सवार युवक ट्रक की चपेट में आ गया था। हादसा इतना भयंकर था कि युवक ट्रक के नीचे टायर में फंस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस मृतक शव पर पहुंचकर युवक के परिजनों को निकालने की प्रक्रिया में जुटी थी। तभी अचानक युवती आरती रजक वहां पहुंची और मोबाइल से वीडियो रिकॉर्डिंग करने लगी। पुलिस का आरोप है कि वो राह के नजदीक जा रही थी। सूचना मिलने पर उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन युवती पुलिस से ही उलझने लगी। वो वहां से नहीं गयी मौके पर मौजूद लोगों को भड़काने लगे लग गई। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी तक करने लगी।

तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से मारी थी टक्कर

पुलिस ने बताया कि एक्सीडेंट ट्रक चालक था कि युवक का शव अतिक्रमण हो गया था। शनिवार करीब चार साढ़े आठ बजे जालखेड़ा निवासी 26 वर्षीय अजय साहू अपने घर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक

छात्रों के लिए कॉलेजों को एग्जाम सेंटर पर करानी होगी फर्नीचर की व्यवस्था

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) द्वारा पीजी छात्रों की सेमेस्टर परीक्षाएं 19 जनवरी से शुरू हो रही हैं। इसके पहले विश्वविद्यालय प्रशासन ने कॉलेजों को परीक्षा केंद्रों पर फर्नीचर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, उन्हें बीमारों की व्यवस्था भी करनी होगी। कॉलेजों को ये निर्देश परीक्षाओं के सुचारू संचालन के उद्देश्य से दिए गए हैं।

विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि यदि परीक्षा केंद्रों पर बैठकों की कमी के कारण किसी तरह की अव्यवस्था होती है, तो इसकी जवाबदेही संबंधित कॉलेज के प्रबंधन की होगी। विश्वविद्यालय की ओर से सत्र 2025-26 की तृतीय सेमेस्टर परीक्षा जनवरी 2026 के लिए अधिसूचना जारी हो चुकी है। इसके लिए सभी कॉलेजों का सहयोग भी अनिवार्य है जिनमें परीक्षा केंद्र नहीं है, लेकिन उनके छात्रों की परीक्षा के लिए अन्य कॉलेजों में केंद्र बनाया गया है। इसमें बैठक व्यवस्था के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराना और पीजीसीए कार्य के लिए पर्याप्त संख्या में बीमारों का उपलब्ध कराना शामिल है।

गर्लफ्रेंड से बात बंद हुई तो फांसी लगाकर दी जान

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल हबीबगंज थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस को युवक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि युवक का एक युवती के साथ प्रेम संबंध था। 15 दिन पहले दोनों के बीच बात बंद हो गई थी, जिससे युवक डिप्रेशन में रहने लगा था। इसके बाद शनिवार देर रात उसने फांसी

लगाकर अपनी जान दे दी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार किशन साहू (18) पीरा नगर में रहता था। वह प्राइवेट काम करता था। पिछले चार सालों से उसका एक युवती के साथ रिलेशनशिप था। परिजनों ने बताया कि जिसका युवती से शादी करना चाहता था। इसलिए वह घर से अलग किराए पर कमरा लेकर रहने लगा था। युवती से बात बंद होने के बाद से ही वियान डिप्रेशन में था। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं। उनके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खंडेलवाल के पुत्र दूसरी कार में पहले ही रवाना हो गए थे

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

बरेला थाना में रविवार को तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी तीन कारों और एक बाइक को टक्कर मार दी। इनमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बेटे चंदन खंडेलवाल की कार भी शामिल थी। हादसे में बाइक सवार एक्सआई की पत्नी सुनीता महावरी की मौत हो गई, जबकि एएसआई विश्वनाथ गढ़ावी समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय चंदन खंडेलवाल कार में मौजूद नहीं थे। वे पहले ही दूसरी कार से भोपाल रवाना हो चुके थे।

ड्राइवर खाली कार लेकर उन्हें लेने जा रहा था। एएसआई घायलों से ड्राइवर को लौट नहीं आई।

अभिषेक बच्चन हुए शामिल, आगे की रणनीति पर होगी चर्चा

भोपाल। इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल साइन द्वारा रविवार को 4वां इनर व्हील जिला सम्मेलन 'सिग्नेचर ग्रायोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन होटल रायवाडी में किया जा रहा है। आयोजन की मेजबानी इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल साइन कर रहा है।

भोपाल साइन की प्रेसिडेंट रुखसाना मोहसिन के अनुसार, इनर व्हील क्लब विश्व के प्रमुख स्वैच्छिक महिला संगठनों में से एक है, जो पिछले 100 वर्षों से सामाजिक सेवा और सामुदायिक कल्याण के क्षेत्र में सक्रिय है। सम्मेलन में इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट-304 की पिछले छह महीनों की उपलब्धियों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही आगामी छह महीनों की रणनीति पर भी चर्चा की जाएगी।

कोहरे का अलर्ट अगले 2 से 3 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम, आज कुछ जगह हल्के से मध्यम कोहरे का अलर्ट

प्रदेश के 6 जिलों में रात का पारा 5 से 7 डिग्री के बीच

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में रविवार को दिन और रात का पारा सामान्य से अधिक रहा। कहीं भी ठंडक से राहत मिलेगा और शीतलहर, कोल्ड-डे का असर नहीं होने से पूरे दिन मौसम सामान्य रहा। कोहरे का असर कम होने से विजिबिलिटी भी भरपूर रही। हवाओं के बदलने और भोपाल सहित कुछ जिलों में देर रात से आसमान के बीच बिखरे बादलों के आने-जाने से दिन के तापमान में कुछ कमी आई, जबकि रात का पारा बढ़ गया। मौसम केंद्र के अनुसार अगले दो से तीन दिन मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं

है।

10 जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से अधिक रहा

सभी जिलों में तापमान सामान्य से ऊपर

रविवार को तापमान में बदलाव के बीच दिन-रात का पारा सामान्य से अधिक दर्ज हुआ है। भोपाल में दिन का पारा दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 26.6 डिग्री रहा, जबकि रात में दशमलव 6 डिग्री की बढ़त के साथ 8 डिग्री रहा। दतिया, ग्वालियर, राजगढ़, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन, खजुराहो, रीवा, टीकमगढ़ और मलाजखंड आदि जिलों में रात का पारा 5 से 7 डिग्री के बीच रहा। इनमें सबसे कम न्यूनतम तापमान श्योपुर में 4.6 डिग्री रहा। पचमढ़ी में 5.0 सिवनी 6.0 छतरपुर 6.4, मंडला और नौगांव में रात का पारा 6.5 डिग्री रहा है। सोमवार को राजगढ़, आगर, सागर, मंदसौर, नीमच, पिछ कोहरे का अलर्ट जारी

वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति में बहुत सी चिकित्सा पद्धति

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेश सिंह तोमर रविवार को राजधानी में इंटेग्रेटी होम्योपैथी के जनक डॉ. कांस्टेंट कैसर मैरी की जयंती पर आयोजित वैकल्पिक चिकित्सक महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का आयोजन वैकल्पिक चिकित्सक संघ मप्र ने किया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेश सिंह तोमर ने कहा कि वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति ने बहुत सी चिकित्सा पद्धति को संगम है। सभी चिकित्सा पद्धति उपयोगी होती है, लेकिन हर चिकित्सा पद्धति को विकसित होने में

समय लगता है। समय के साथ-साथ चिकित्सा पद्धति में बदलाव होता है। एक समय मानव के लिए प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति सबसे अनुकूल थी। उन्होंने कहा कि इंटेग्रेटी होम्योपैथी की पुस्तक चिकित्सा मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सा पद्धति का अपना महत्व है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | माघ कृष्ण पक्षा, 12- 2082 | सीहोर, दिन सोमवार, दिनांक 12 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

स्व-रोजगार प्रशिक्षण के लिए शुरू किए पंजीयन

सीहोर। डीपीएल सीहोर ग्रामीण युवक-युवतियों को स्व-रोजगार से जोड़ने के लिए निशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन करवा ले सकते हैं। 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थियों को मोबाइल रिपेयरिंग, सीसीटीवी, कम्प्यूटर ऑपरेटिंग, सिलाई, मशरूम पालन सहित अन्य रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिए जाएंगे।

14 से रेल वन मोबाइल एप पर टिकट में 3: छूट

सीहोर। रेलवे ने डिजिटल टिकट बुकिंग को बढ़ावा देने के लिए रेल वन मोबाइल एप पर अनारक्षित टिकट लेने वाले यात्रियों के लिए सुविधा शुरू की है। 14 जनवरी 2026 से रेल वन एप के जरिए अनारक्षित टिकट बुक करने पर यात्रियों को टिकट राशि पर सीधे 3 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

कारीगरों एवं शिल्पकारों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कल

सीहोर। पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्र प्राप्त कारीगरों एवं शिल्पकारों के उत्पादों को बाजार से जोड़ने और वित्तीय सहायता एवं अन्य की जानकारी प्रदान करने हेतु 13 जनवरी को आयोजन होगा। सुबह 11 बजे से ओं अंबेडकर महिला आईटीआई प्रशिक्षण दिया जाएगा।

खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन 12 से

सीहोर। खेलो एमपी यूथ गेम्स-2025 का आयोजन 12 जनवरी से प्रस्तावित है। जूनियर आयु वर्ग में 28 खेलों के तहत प्रतियोगिताएं 12 से 31 जनवरी तक विकासखंड, जिला, संभाग व राज्य स्तर पर होंगी। जिले में 19 खेलों के लिए 12 से 16 जनवरी तक विकासखंडों में स्थानीय स्तरीय चयन स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

जन्म प्रमाण पत्र के लिए करें आवेदन

सीहोर। नगर निकलित सीआरएस पोर्टल पर अब जन्म प्रमाण-पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 के तहत 11 अगस्त 2023 से जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य किया गया है।

प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर का दौरा कार्यक्रम

सीहोर। प्रभारी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर 12 जनवरी को प्रातः 10:46 बजे सीहोर पहुंचेंगी और प्रातः 11 बजे सीहोर स्थित डिजोट होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में शामिल होंगी। इसके

अवैध कॉलोनी अनदेखी से श्यामपुर, दोराहा-झरखोडा की एक दर्जन कॉलोनी

मिली भगत से बिना विकास अनुमति के नियमों विरुद्ध कॉलोनाइजर बेच रहे प्लॉट

डीआर संवाददाता>>दोराहा

तहसीलदार में डेढ़ दर्जन कॉलोनाइजरों की सूची बनाकर जिला मुख्यालय, वरिष्ठ अधिकारियों से निर्देश मिले तो स्थानीय प्रशासन करे कार्रवाईजिले के झरखोडा एवं दोराहा क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों का जाल फैलाकर भोले-भाले लोगों की जीवन भर की कमाई लूटे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बिना शासन अधिकारी से कॉलोनी विकास की अनुमति लिए, नियमों को ठेंगा दिखाकर कॉलोनाइजर खुलेआम प्लॉट बेच रहे हैं। जब लोग सपनों का घर बनाने की उम्मीद लेकर प्लॉट खरीदते हैं, तब उन्हें हकीकत का ऐसा झटका लगता है कि दिल टूट जाता है।तहसीलदार दोराहा द्वारा जारी सूची में करीब डेढ़ दर्जन अवैध कॉलोनाइजरों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने बिना किसी वैधानिक अनुमति के कॉलोनियां काट दीं और गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को प्लॉट बेच दिए। इन कॉलोनियों में सड़क, पानी, बिजली, नाली, सीवरेज जैसी कोई भी मूलभूत सुविधा मौजूद नहीं है। प्लॉट खरीद चुके लोग आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

ठगे गए परिवारों का दर्द कई पीड़ित परिवारों ने बताया

सूची में जिन कॉलोनाइजरों के

नाम शामिल हैं उनमें

तहसीलदार द्वारा जिन अवैध कालोनाइजरों की सूची बनाई है उसमें नासिर इस्लाम, इलाम उल्ला नाथना खत्री, सरीना, अमान रजाक, रेहान खान, रीजवा अकबर खत्री, कुल सिंह, इशाक खत्री, सुलतान सिंह, इनाम सिंह, मुलायम सहित कई प्रभावशाली और रसूखदार लोग बताए जा रहे हैं। आरोप है कि कुछ जनप्रतिनिधियों का भी इनसे संबंध प्रकट है, जिससे कानून का अवैध कारोबार लंबे समय से फल फूल रहा है।

अपनी पूरी जमा पूंजी लगाकर प्लॉट खरीदा था

बच्चों के भविष्य के लिए घर बना सकें, लेकिन अब न सड़क है, न बिजली, न पानी, केवल खेत और सरकारी का सन्नाटा है। लोग तहसील और प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं कि समाधान दूर नजर आता है।मुख्यालय सेन्ट्री से दूरीक तहसीलदार एवाजार देशमुख ने कहना है अवैध कालोनाइजरों की सूची बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को सूची भेज दी गई है, उनके निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह गंभीर दस्तावेज कालोनाइजर को कालोनी काटने से पहले इन नियमों का भी पालन करना होता है।

नियमों का करना होता है पालन

अनिवार्य रजिस्ट्रेशन जिला भू कालोनाइजर को काम शुरू करने से पहले संबंधित नगर निगम या जिला प्रशासन (कलेक्टर कार्यालय) से कलोनाइजर लाइसेंस लेना अनिवार्य है। भूमि का डायवर्जन कलोनी काटने से पहले कृषि भूमि को आवासीय भूमि में परिवर्तित करना होता है। इसके लिए निर्धारित शुल्क सरकार के पास जमा करना पड़ता है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से मंजूरी: यह सबसे महत्वपूर्ण शरत है।

कालोनाइजर को अपनी सपनों का घर का प्लॉट खरीदने से पहले आमजन यह दस्तावेज जरूर देखे, जिनमें भू-अधिकार पुस्तिका और खसरा-खतौनी। मंजूर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी), पर्यावरण विभाग की अनुमति (यदि प्रोजेक्ट्स के लिए), नगर निगम नगर पालिका से भवन और बिजली की एनओसी।

डिस्पेंसरी के लिए जगह। विकास अनुमति: टीएनसीपी से नक्शा पास होने के बाद स्थानीय निकाय (नगर निगम या नगर पालिका) से विकास अनुमति लेनी होती है। इसके तहत कालोनाइजर को कॉलोनी में बिजली, पानी, ड्रेनेज और सड़कों का विकास करना होता है। रेरा में पंजीयन: मध्य प्रदेश में बिना रेरा रजिस्ट्रेशन के कोई भी कालोनाइजर न तो विज्ञापन दे सकता है और न ही प्लॉट बेचना बेच सकता है। रेरा सुनिश्चित करता है कि घरों के साथ धोखाधड़ी न हो और प्रोजेक्ट समय पर पूरा हो।

खोल हमारे जीवन में करते हैं आनंद

डीआर संवाददाता>>इछावर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं राज्य मंत्री करणसिंह वर्मा इछावर के गंजीखेड़ा टोल नियान में सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर खेल महोत्सव के तहत क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, रस्साकस्सी सहित अनेक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान मंत्री श्री चौहान ने मैदान पर उतरकर क्रिकेट खेला और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही रस्साकस्सी जैसी खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के साथ महिलाओं ने भी उत्साह के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि खेल हमारे जीवन में आनंद और उत्साह का संचार करते हैं, शरीर को स्वस्थ बनाते हैं, मन को मजबूत करते हैं और आत्मा को प्रसन्नता से भर देते हैं। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों के इन लक्षों को देखते हुए आगामी वर्ष से और अधिक व्यापक स्तर पर खेल

गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और गांव-गांव तक पहुंचकर प्रतिभावान खिलाड़ियों को अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने खिलाड़ियों को देश की बेटी मेरीकॉम का उदाहरण देकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बड़े से बड़े खिलाड़ी छोटे-छोटे गांवों से निकलते हैं, इसलिए निरंतर मेहनत करते रहें। इस निरंतर मेहनत के बल पर एक दिन आप भी राष्ट्रीय पर पहुंचेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार भी निरंतर कार्य कर रही

अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सीईओ ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाई

डीआर संवाददाता>>सीहोर

मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के निर्देशानुसार वर्ष 2026 को मध्यप्रदेश में कृषि उत्थान वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में इस कृषि उत्थान वर्ष का शुभारंभ किया। इस अवसर सीहोर स्थित आदर्श कृषि महाविद्यालय में सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

इस अवसर पर माननीय जिला कलक्टर नरेश मेहरा एवं जिला पंचायत सीईओ नीलेश सर्वेन्द्र यादव ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ 11 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन जिले की सभी पंचायतों में भ्रमण करेगा और किसानों को कृषि में वृद्धि, कृषि को लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने के संबंध में जानकारी किसानों तक सीधे पहुंचाई जाएगी।

निर्माण में घटिया सामान का हो रहा इस्तेमाल, काम की रफ्तार धीमी, धूल से ग्रामीण बीमार

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर जिले के गांवों, कस्बों और विकासखण्ड क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों ने विकासखण्ड रोड पर लोक निर्माण विभाग (पीडी) के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे पूरे इलाके में धूल और प्रदूषण फैल रहा है।

रविवार को बिलकिसगंज रोड चौराहे पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, व्यापारी और किसान जमा हुए। लोगों ने सड़क निर्माण के दौरान उड़ रही धूल और घटिया निर्माण कार्य को लेकर नाराजगी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से सड़क बन रही है, लेकिन काम सही तरीके से नहीं हो रहा।

धूल और प्रदूषण से लोग बीमार

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के कारण दिनभर धूल उड़ती रहती है। इससे लोग खासी, सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन जैसी बीमारियों से परेशान हो रहे हैं। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और दमा के मरीजों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में खराब और घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। पुराने ठेकेदार को निकालकर उसमें मिलावट कर दोबारा सड़क पर बिछाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बारे में पहले भी अधिकारियों को शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

अखिलेश राय ने टीम सडे सुकून को किया सम्मान

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर के वीएमआई मैदान पर रघु प्रताप पटेल की स्मृति में आयोजित एसपीएल-7 में रविवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में कृष्णा क्लायटर ने करका लायंस को तीन विकेट से हराया। कारा लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छठा विकेट पर 137 रन बनाए। मयंक जैन ने शानदार 60 रन की पारी खेली, जबकि नीरज मेहता और सुरेश मारती ने 17-17 रन बनाए। कृष्णा क्लायटर की ओर से विशांक सिंह ने चार विकेट लिए। जवाब में कृष्णा क्लायटर ने आठ विकेट खोकर के 60 और संदीप के 48 रन की बदौलत 16.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

दूसरे मैच में साइबेरियन सीवर ने क्रिएट वारियर्स को आठ रन से हराया। प्रतियोगिता के मुख्यरूप पर वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय किया और समाजसेवा में सक्रिय टीम सडे सुकून की सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की सराहना

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | माघ कृष्ण पक्षा 10- 2082 | सीहोर, दिन सोमवार, दिनांक 12 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

ज होगा रन फॉर स्वदेशी

सीहोर। पूरे देश में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश अनुसार इस वर्ष स्वामी विवेकानन्द जी की जन्म तिथि पर रन फॉर स्वदेशी, वाकथन स्वदेशी दौड़ का आयोजन विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों आदि में होगा। जानकारी देते हुए अरविन्द शर्मा ने बताया कि इस हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली जैसी संस्थाओं ने विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार के आदेश मध्य प्रदेश शासन के अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा भी दिए गए हैं।

सीहोर में रोजगार मेला 16 को होगा आयोजित

सीहोर। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 जनवरी को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रातः 11 बजे से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लामान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। इसके साथ ही आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को प्रवर्तित किया जायेगा। आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ 16 जनवरी को रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ स्वयं आईडी अनिवार्य

सीहोर। लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदन जो का पोर्टल की स्वयं आई डी. होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन प्रमाण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़े, वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछड़े वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ बाल रिलेशन जाति के आवेदन बाल रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति बाल रिलेशन अन्य पिछड़े, वर्ग तथा बाल रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

समता युवा संघ ने मनाया जीवदया पर्व , पक्षियों को डाला दाना

आष्टा। अपनत्व की भावना हमें है निभानी, मानवता का धर्म निभाएंगे हम, जीवदया की हृदय से अपनाएंगे। बेजुबान हैं पशु, पक्षी बेचारे, लेकिन ये हैं परम मित्र हमारे के संदेश को लेकर रविवार को समता युवा संघ के द्वारा शुरू किए गए सामाजिक सरोकारों की श्रृंखला में पक्षियों को दाना डाला गया।

हिंदू सम्मेलन आज, कलश यात्रा निकलेगी

बुधनी। सकल हिंदू समाज बुधनी द्वारा दशहरा मैदान में विशाल हिंदू सम्मेलन कर रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना है। साथ ही सनातन संस्कृति का संरक्षण और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना है।

हिन्दू सम्मेलन | शताब्दी वर्ष पर खाईखेड़ा में भव्य हिन्दू सम्मेलन, समाज को एकजुट रहने का संदेश

चरनाल में शोभायात्रा और झंडा पूजन से गूंजा क्षेत्र, 18 जनवरी के विशाल हिन्दू

डीआर संवाददाता>> चरनाल, खाईखेड़ा

खाईखेड़ा । खाईखेड़ा में हिन्दू सम्मेलन के दौरान बाइक यात्रा की आरती

चरनाल में झंडा पूजन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इंदौर में हिन्दू समाज में उत्साह और जागरूकता का वातावरण बन रहा है। इसी कड़ी में ग्राम खाईखेड़ा में भव्य विशाल हिन्दू सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया, वहीं चरनाल में 18 जनवरी को होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों के तहत शोभायात्रा के साथ झंडा पूजन कर धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण बने और सशक्त किया गया। दोनों आयोजनों ने सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रभक्ति के भाव को नई ऊर्जा दी है।

ग्राम खाईखेड़ा में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में बड़ी संख्या में सनातनी समाज के लोगों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया। सम्मेलन का शुभारंभ श्रीराम और माता माता के चित्र पर तुलसी के पौधे का विधिवत पूजन कर किया गया। शासकीय परिसर में हुए इस आयोजन में संत, समाजसेवी, युवाओं और सनातन के प्रचारिकारों संगठित रहे। वक्ताओं ने हिन्दू समाज को संगठित रहने, परिवार और संस्कृति की रक्षा करने तथा व्यक्तिगत संकल्प को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता ने आगाह्वान तो 100 वर्षों की यात्रा और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज को सेवा, समर्पण और सनातन के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

चरनाल में हिन्दू सम्मेलन के लिए झंडा पूजन

चरनाल में 18 जनवरी को होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों के तहत कीरन मंदिर परिसर से पथ संचलन निकाली गई। भगवा झंडा, ढोल-नगाड़ों और 'जय श्रीराम' तथा 'भारत माता की जय' के नारों के साथ निकली यह शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल तालाबीच हाई स्कूल परिसर पहुंची। यहां विधिवत मंत्रोच्चार के साथ झंडा पूजन किया गया और उपस्थित सम्मेलन की सफलता के लिए संकल्पबद्धता की गई।

दोनों ही आयोजनों में संत, समाजसेवी, युवाओं और मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। आयोजन समितियों ने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलनों में पहुंचकर सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जागरण और राष्ट्रभक्ति के इस महायज्ञ को सफल बनाएं।

चरनाल । झंडा पूजन के दौरान वरिष्ठजन निकाली गई।

कोहरे की मार से महंगी हुई सब्जियां, कीमत बढ़ी

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले में पड़ रही ठंडक की लहर और घने कोहरे का सीधा असर अब सब्जियों की कीमतों पर दिखाई देने लगा है। कोहरे और पाले के कारण खेतों में खड़ी फसलें प्रभावित हो रही हैं, जिससे मंडियों में सब्जियों की आवक घट गई है। कम आपूर्ति और सामान्य मांग के चलते सब्जियों के दाम तेजी से बढ़े हैं।

थोक व्यापारियों के अनुसार ठंड और कोहरे से कई फसलें जल रही हैं, जिससे उत्पादन घट गया है। इसी वजह से बाजार में सब्जियां कम पहुंच रही हैं और कीमतों में उछाल आ गया है। वर्तमान में मटर और गोभी 20 रुपये प्रति किलो बिक रही हैं। वहीं आलू, प्याज, मेथी और बैंगन 10 रुपये प्रति किलो, जबकि धनिया 5 रुपये प्रति किलो के भाव पर उपलब्ध है। बढ़ती महंगाई से आम उपभोक्ता की रसोई का बजट बिगड़ने लगा है।

हालांकि भविष्य के लिए राहत की खबर भी है। कृषि विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए उद्यानिकी फसलों के उत्पादन को बढ़ाने की योजना तैयार की है। इसके तहत जिले में फल, सब्जी और मसाले की खेती का रकबा बढ़ाया जाएगा। वर्तमान में कुल उद्यानिकी रकबा 45,560 हेक्टेयर है, जिसे बढ़ाकर 46,496 हेक्टेयर करने का लक्ष्य रखा गया है। सब्जियों के रकबे को 21,923 हेक्टेयर से बढ़ाकर 22,225 हेक्टेयर करने का प्रस्ताव है, जिससे करीब 4.16 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है। फलों में आम, अमरूद, आंवला और सीताफल तथा मसालों में लहसुन, धनिया और मिर्च पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके अलावा फूलों और औषधीय फसलों के विस्तार की भी योजना है, जिससे किसानों की आय बढ़ने के साथ बाजार में स्थिरता आने की उम्मीद है।

जांगड़ा समाज की बैठक आयोजन समिति का गठन किया

डीआर संवाददाता>> आष्टा

आष्टा में एक फरवरी को संत रविदास महाराज की जयंती मनाई जाएगी। इस संबंध में रविवार को अंबेडकर भवन में जांगड़ा समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जयंती को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया।

भव्य आयोजन और चल सन्यारोह निकलेगा

बैठक में तय किया गया कि 1 फरवरी 2026, रविवार को नगर आष्टा में गुरु रविदास महाराज की जयंती बड़े स्तर पर मनाई जाएगी। इस अवसर पर जांगड़ा समाज की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। साथ ही नगर में चल सन्यारोह भी निकाला जाएगा, जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

आयोजन समिति का गठन किया

बैठक के दौरान आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से अध्यक्ष मोहनलाल को अध्यक्ष चुना गया। नेपाल पेखाल और प्रेम सुर्यवंशी को उपाध्यक्ष बनाया गया।

श्रीराम मंदिर परिसर में बैठक, हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाने की बनाई गई

डीआर संवाददाता>>चरनाल

18 जनवरी को होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन को सफल और भव्य बनाने के उद्देश्य से रविवार को चरनाल के कीरन मंदिर परिसर में बैठक के गणमान्य सनातनियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा के पाठ के साथ की गई, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

बैठक में सभी की ओर से कमलेश मकलोई तथा सम्मेलन के संयोजक नारायण प्रसाद गौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा क्षेत्र के संत, समाजसेवी, युवा और भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि गांव-गांव स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी, जो अधिक से अधिक सनातनियों को सम्मेलन में लाने का कार्य करेंगी। सम्मेलन को भव्य रूप देने के लिए प्रचार-प्रसार, संपर्क अभियान और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में बताया कि 18 जनवरी को होने वाला विशाल हिन्दू सम्मेलन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जागरण और राष्ट्रभक्ति के संदेश को आगे बढ़ाने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से समाज को जोड़ने और सनातन परंपराओं को सशक्त करने का प्रयास किया जाएगा। सम्मेलन में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना जताई गई।

---

8 डिग्री तापमान, ग्रामीण क्षेत्रों में घना कोहरा: सुबह 11 बजे तक छाई रही धुंध,

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले में ठंड का असर लगातार बना हुआ है। जनवरी माह के दूसरे सप्ताह में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता सीमित होकर लगभग 30 मीटर रह गई।

कोहरे का असर सुबह करीब 11 बजे तक बना रहा। रविवार सुबह सीहोर जिले के ग्रामीण इलाकों में चारों ओर घनी धुंध छाई रही। खेतों में खड़ी हरी-भरी फसलों पर ओस की बूंदे साफ दिखाई दीं। कोहरे के कारण सड़क और खेतों में दूर तक देख पाना मुश्किल हो गया, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ।

तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव

जनवरी माह में जिले के तापमान में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। कभी आसमान पर बादल छा जाते हैं तो कभी मौसम साफ हो जाता है। हवा की दिशा भी बार-बार बदल रही है, जहां उत्तर दिशा से ठंडी हवाएं चल रही हैं।

इन्हीं कारणों से न्यूनतम तापमान लगातार 11 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है।

जनवरी माह में न्यूनतम तापमान (डिग्री सेल्सियस में

1 जनवरी	-106
2 जनवरी	- 145
3 जनवरी	- 120
4 जनवरी	-108
5 जनवरी	-69
6 जनवरीउ	- 52
7 जनवरी	-97
8 जनवरी	-96
9 जनवरी	- 89
10 जनवरी	-65
11 जनवरी	- 80

लोगों ने पतंग उड़ाने के उत्साह के साथ संगीत और नृत्य का लिया आनंद

डीआर संवाददाता>>सीहोर

नगर संक्रांति का अनौपचारिक उत्सव आनंदित उल्लासपूर्ण उत्साह के संचार और आत्मिक शुद्धि का हेतु जो सूर्य के उत्तरायण होने और अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपने विकारों को जलाकर ज्ञानए भक्ति और गुणों को अपनाने ईश्वरीय सत्ता से जुड़ने और दूसरों के साथ प्रेम व सौहार्द बांटने की प्रेरणा देता है। जिसमें जीवन में सुख शांति और समृद्धि आती है। रोटरी क्लब इनर व्हील जाम और रेडक्रास सोसाइटी का यह एक दिवसीय नगर संक्रांति लाइट कार्निवल का महोत्सव पारिवारिक और सांस्कृतिक हैए शहर की सांस्कृतिक पहचान में एक स्वर्णिम अध्याय भी जोड़ेगा। उक्त विचार शहर के कोलीखुर्द स्थित एक निजी गार्डन में शहर के इतिहास में पहली बार महानगर की छत पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीयए अखिल जायसवाल इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा रोजवाणीए और रेडक्रास सोसाइटी के सचिव विपुल चावडा ने बच्चा शाखा चेतित प्रतीप मिश्रा और नगर पालिका अध्यक्ष हिम शावैर सहित अन्य का तिलक कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि चेतित श्री मिश्रा ने यहां पर करीब एक एकड़ में बने मैदान पर पतंगबाजी करते हुए लोगों के मध्य प्रवेश उड़ाई।

समापन | सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का रविवार को महाआरती

निपानिया कला में महाआरती के साथ संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य समापन

डीआर संवाददाता>>श्यामपुर

क्षेत्र के निपानिया कला गांव के शिव मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का रविवार को महाआरती के साथ भव्य समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भक्ति, भजन व जयकारों के बीच वातावरण पूरी तरह धर्ममय हो गया।

यह सात दिवसीय धार्मिक आयोजन 5 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ था। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चलने वाली इस कथा में सुप्रसिद्ध कथावाचक संजय तिवारी के मुखारविंद से भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का भावपूर्ण और सांगीतमय वर्णन किया गया। कथा के दौरान भजन, कीर्तन और श्रीराम नाम के उच्चारण से पूरा पंडाल गूंजता रहा। अंतिम दिन कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे कथा स्थल पहुंचे। भगवान श्रीराम की आरती और भजनों पर श्रद्धालु झूम-झूमकर सुमधुर नजर आए।

महाआरती के समय पूरा परिसर दीपों और श्रद्धा के प्रकाश से जगमगा उठा। कथा श्रवण के अवसर पर विशेष महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के दौरान 'जय श्रीराम' के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा और गांव में भगवान श्रीराम से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।आयोजन समिति और निपानिया कला वासियों द्वारा अंतिम दिन सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का वितरण भी किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर आयोजन की सराहना की और इसे गांव के लिए वर्षों तक याद रखने लायक बताया। देर रात तक चली इस संगीतमय श्रीराम कथा ने न सिर्फ धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि गांव और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को एक सूत्र में बांधने का भी कार्य किया। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस तरह के आयोजन समाज में संस्कार, भक्ति और आपसी भाईचारे को बढ़ाया देते हैं।

सोयाबीन बेचने वाले 3200 किसानों को नहीं मिली राशि

डीआर संवाददाता>>सीहोर

भावांतर योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी के अब लगभग चार दिन शेष हैं। 15 जनवरी के बाद खरीदी बंद हो जाएगी। वर्तमान में कई किसान ऐसे हैं जिन्होंने 20 दिन पहले योजना के अंतर्गत अपनी सोयाबीन बेची थी, लेकिन अब तक उनके खाते में अंतर की राशि का भुगतान नहीं हुआ है। योजना में 15 दिन के भीतर अंतर की राशि का भुगतान करने का नियम है। फिर भी, सरकार किसानों को समय पर भुगतान नहीं कर पा रही है। भुगतान कब होगा, इसका जवाब अफसरों के पास भी नहीं है। सरकार ने योजना में किए वादे के अनुसार किसानों को 15 दिन के भीतर अंतर की राशि नहीं दी है।

पिछले महीने भी किसानों को भावांतर योजना की राशि लगभग एक माह बाद मिली थी। पता है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 28 दिसंबर को जनता से वन-क्लिक के माध्यम से किसानों के खातों में अंतर की राशि अंतरित की थी। इस बार 20 दिसंबर के बाद 3200 से ज्यादा किसानों ने भावांतर योजना के तहत सोयाबीन बेची है। उन्हें अब तक अंतर की राशि का भुगतान नहीं हुआ है। बता दें कि सीहोर जिले में 60 हजार से ज्यादा किसानों ने भावांतर भुगतान योजना के तहत पंजीयन करवाया था। अधिकारियों का कहना है कि शासन स्तर पर वन-क्लिक के माध्यम से भुगतान किया जाएगा

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | माघ कृष्ण पक्षा-10,2082 | विदिशा, दिन सोमवार,दिनांक 12 जनवरी,2026

न्यूज गैलरी

कृषि वर्ष 2026 के लिए कृषि रथ की शुरुआत

विदिशा। मध्य प्रदेश द्वारा घोषित किसान कल्याण वर्ष 2026 का भव्य शुभारंभ मंगलवार के जंबूरी मैदान में मुख्यमंत्री के कर कमलों से हुआ। विदिशा जिले से 4270 किसान सर्वेक्षण में शामिल हुए। जिले से सभी विकासखंडों में कृषि रथ की शुरुआत की गई। विधायक मुकेश टंडन ने ग्राम धोलखेड़ी से कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से किसानों को पशुपालन, तकनिकी, मत्स्य पालन व जैविक खेती जैसी नवीन कृषि तकनीकों और योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस पहल से कृषि क्षेत्र में विकास और किसानों के हित में महत्वपूर्ण सुधार होंगे।

प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने की भेंट

विदिशा। मुख्यमंत्री से रविवार की शाम समता भवन, मुख्यमंत्री निवास में विदिशा के नागरिकों के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। सम्मेलन मेला समिति विदिशा के पदाधिकारीगण ने भेंट कर सम्मेलन उत्सव में पधारने का आमंत्रण दिया। विदिशा में जनता की व्यापक भागीदारी के साथ पिछली शताब्दी से सम्मेलन का वार्षिक आयोजन निरंतर हो रहा है।

अब हर मंगलवार होगी श्वान सुनवाई

विदिशा। नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की स्वच्छता, उपलब्धता, गुणवत्ता संबंधी कार्यों की समीक्षा वीसी के माध्यम से की गई। दिए गए निर्देशों के अनुपालन तहत विदिशा जिले में संचालित कार्यों की कलेक्टर अंकुल गुप्ता ने पृथक से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एनआईटी बीसी स्कूल में विदिशा नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, कुरवाई नगर परिषद के अध्यक्ष आदि मौजूद रहे

अभिनंदन गार्डन में हुआ हिंदू सम्मेलन

विदिशा। शहर के अभिनंदन गार्डन में सकल हिन्दू समाज द्वारा हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में एकजुटता और भाईचारे का संदेश दिया गया तथा विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया। आयोजन के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर का आयोजन भी किया गया, जहां सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले शहर में एक रैलिया निकाली गई, जिसमें लोगों को इस कार्यक्रम से जोड़ने का आह्वान किया गया। आयोजकों ने आगामी समय में ऐसे और भी कार्यक्रम करने का आश्वासन दिया।

पुलिस ने 260 सीसीटीवी कैमरे खंगाले, दो नाबालिग को किया गिरफ्तार

अरिहंत ज्वेलर्स में डकैती के तीन आरोपी गिरफ्तार, 13 लाख रुपए की चांदी बरामद

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

विदिशा खरीददार अरिहंत ज्वेलर्स पर हुई डकैती के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को पुलिस ने प्रेसवार्ता कर डकैती का खुलासा किया। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा है। जिसमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। डकैती की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। जिसमें बड़ी संख्या में डकैती दिखाई दे रहे थे। जिन्होंने डकैती की इस वारदात को अंजाम दिया था। विदिशा। वारदात के संबंध में खुलासा करते हुए एसपी रोहित काशवानी, इंस्पेक्टर में घटना में प्रयुक्त की गई कार। कोतवाली पुलिस ने खरीददार रोड स्थित अरिहंत ज्वेलर्स में हुई डकैती का खुलासा रविवार को कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, दो नाबालिगों को भी पकड़ा है।

आरोपियों के कब्जे से करीब 13 लाख रुपए कीमत का चांदी का सामान और वारदात में इस्तेमाल किया गया बोलेरो वाहन जब्त किया गया है।

ने यह घटना 3 जनवरी की रात को अरिहंत ज्वेलर्स पर हुई थी। दुकान संचालक राजेंद्र जैन कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशों ने रात में ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। डकैती का खुलासा करने पुलिस ने 8 टीमें का गठन किया। एडिशनल एसपी की प्रवास चौबे के मार्गदर्शन में डीएसपी अतुल सिंह, एसडीओपी विदिशा सोनू खरे और एसडीओपी कुरवाई शैलेन्द्र सिंह सहित कोतवाली टीआई आनंद राज, निरीक्षक अरुतोष राजपूत, और विश्लेष राय ने जूरे ऑपरेशन का नेतृत्व किया। एसपी द्वारा गठित पुलिस टीमों ने विदिशा, सिरोंज, गुलाबगंज, बासौदा, लटेरी, आनंदपुर, आशोन और गुना सहित नुरुबिर की सूचना से आरोपियों तक पहुंची पुलिस। आसपास के क्षेत्रों के 260 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसके अलावा 180 से ज्यादा संदिग्धों से पूछताछ की गई। तकनीकी जांच और फिंगरप्रिंट विश्लेषण में फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ निरीक्षक योगेंद्र साहू और एक निरीक्षक रघुराज सिंह की भी अहम भूमिका रही।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इलीबिक आशोन रोड से आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कार्रवाई के 22 वर्षीय लखन प्रजापत, गुना के हड़ी जिले से 28 वर्षीय वन सिंह उपाती और जयंतीपुर कॉलोनी से 25 वर्षीय कालीचरण सहित दो नाबालिग बालकों पकड़ा। उनके पास से चांदी की 21 नग पायल, 169 नग बिछुड़ी, 6 जोड़ी बड़ी पायल, 3 नग कलाबंध और एक बोलेरो वाहन बरामद किया गया है। बरामद किए गए सामान की कीमत 13 लाख बताई जा रही है।

शादी के नाम पर डकैती के लिए किराए पर ली थी बोलेरो, उसी

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

डकैती का उपाय

शहर के अरिहंत जेलर्स की दुकान में 2-3 जनवरी की दरमियानी रात 11 लोगों ने डकैती डालकर वहां से 8 किलो चांदी, 1 तोला सोना और करीब 40 हजार रुपए नगद ले गए थे। वहीं, नौकरियार को गुलेल से मारा गया था। डकैती के तरीके और आरोपियों की बातचीत से पुलिस को डकैती में पारधी गिरोह का हाथ होने की आशंका थी। निकले भी पारधी ही। पुलिस ने करीब 260 सीसीटीवी देखे। इनमें एक संदेह रंग की बुलेरो जीप संदिग्ध मिली। इसी के आधार पर पुलिस ने नाबालिग चालक एक पकड़ी। वहां से पता चला कि ड्राइवर बुलेरो को शादी में इनोव होने की बात कहकर ले गया था। लेकिन वह जीप से पारधियों के गिरोह को लेकर विदिशा

डकैती के लिए आ गया। ड्राइवर के पकड़े जाने के बाद पुलिस को पारधी गिरोह की जानकारी कारी मिल मिल गई। गई। इसके इसके बाद पुलिस की टीमों ने गुना पहुंचकर उनकी घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस को इसमें सफलता भी मिली और घटना के तीसरे दिन ही डकैती का खुलासा कर दिया। एसपी रोहित काशवानी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस ने गुना जिले के लटेरी थाना क्षेत्रान्तर्गत के रहने वाले अलग पुत्र पप्पू पारधी (22), ठंडी मिल वार्ड नंबर 23 थाना कोतवाली कोतवाली गुना क्षेत्र में रहने वाले समसिह पारधी पुत्र सुनील पारधी (26), गुना के थाना कोतवाली की जवाहर कॉलोनी निवासी कालीचरण पारधी पुत्र ओमकार पारधी (26) के साथ ही दो नाबालिग भी पकड़े गए। शेष आरोपियों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

विदिशा से गुना तक देखे सीसीटीवी फुटेज

घटना को लेकर सहित पुलिस टीमों द्वारा तकनीकी एवं मैदानी स्तर पर व्यापक जांच की गई। 260 से अधिक

सीसीटीवी कैमरों के फुटेज (विदिशा, सिरोंज, गुलाबगंज, बासौदा, लटेरी, आनंदपुर, आशोन से गुना एवं आसपास के क्षेत्र) का सूक्ष्म अवलोकन कर वैज्ञानिक परीक्षण एवं विश्लेषण किया गया, जिसमें जिला फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ निरीक्षक योगेंद्र साहू की महत्वपूर्ण

केयर टेकर ने भागकर खुद को कमरे में किया बंद

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

दो दिन पहले गुलाबगंज के इमियाखेड़ा गांव के पास बाघ का मूवमेंट देखने को मिला था, इसकी पुष्टी भी वन विभाग द्वारा की गई है। वन विभाग द्वारा उसके मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। वही दूसरी ओर सनिवार की रात 8.30 बजे बेटी नगर स्थित कनक गार्डन का केयर टेकर सरपंच विक्रम आम लालाकर ठंड से बचने के लिए ताप रहा था। सामने उसी मैरिज गार्डन के टीन शेड में उसे बड़ा तेंदुआ दिखाई दिया। तो खुद को बचाने के लिए जल्दी से पहली मंजिल की तरफ भागा और खुद को कमरे में बंद कर लिया। कुछ देर बाद तेंदुआ फिर 7 फीट ऊंची दीवार फांदकर गार्ड के मेहूं के खेत में चला गया। इसके बाद सरपंच सिंह ने लोगों को फोन कर बुलाया। वहीं दूसरी ओर वन विभाग की टीम को इंद्रप्रस्थ कॉलोनी एल सेक्टर में भी भय मार्ग की मिले हैं।

जानकारों ने देखा जा रहा है मूवमेंट उसने देखे केयर वन विभाग की टीमें क्षेत्र में लगातार घूम रही हैं। बताया जा रहा है कि गुलाब गंज क्षेत्र में बाघ का मूवमेंट है, वहीं विदिशा शहर में तेंदुए का मूवमेंट हो हो सकता है। इस तरह से दोनों जगह अलग-अलग मंत्रोच्चारी जानवर होने की बात कही जा रही है।

श्रीराम और माता जानकी पर टिप्पणी का मामलाय भाजपा नेता बोले, अस्वीकार्य है ऐसी टिप्पणी

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

सिरोंज में धर्म आर्मी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान संगठन से एक नेता द्वारा भगवान श्रीराम और माता जानकी पर की गई कथित अशोभनीय टिप्पणी के बाद हिंदू समाज में नाराजगी फैल गई है। बयान सामने आने के बाद इसे लेकर विरोध शुरू हो गया।

रविवार को लटेरी में हिंदू समाज और विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद समाज के लोगों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

बयान को लेकर हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोपी मुफ्ती दीपक बीड़ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हिंदू संगठनों का आरोप है कि दीपक बीड़ ने सार्वजनिक मंच से हिंदू समाज के आराध्य देवी-देवताओं पर अपमानजनक टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।लाजपत मंडल अध्यक्ष राम गुलाम राजोरिया ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारी संस्कृति, मर्यादा और आदर्शों के प्रतीक हैं, जबकि माता जानकी नारी गरिमा और त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणियां समाज में वैमनस्य फैलाती हैं और पूरी तरह अस्वीकार्य हैं।हिंदू समाज और संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति या संगठन इस तरह की बयानबाजी करने का दुस्साहस न कर सके।

प्रदर्शन के बाद हिंदू संगठन ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

व्यवस्थाओं का जायजा, आवश्यक दिशा निर्देश

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

विदिशा जिला मुख्यालय पर केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी और श्री शिवराज सिंह चौहान जी के 17 जनवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर किए जाने वाले प्रबंधों का जायजा लिया गया है।

विदिशा के पुरानी कृषि उपज मंडी में भी जा रही तैयारियों का आज रविवार को विदिशा कलेक्टर श्री मुकेश टम्कोर और कलेक्टर श्री अंकुल गुप्ता ने संयुक्त रूप से बनाए गए व्यवस्थाओं के मद्देनजर अब एक हेलीपैड भी मौजूद रहे।

साथ ही और बेहतर प्रबंधनों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। निरीक्षण भ्रमण के दौरान विदिशा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री वीर सिंह लोधी, अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार जामोर जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, अमित अग्रवाल सहित सुकुरुद्दा (34) को गिरफ्तार किया है। मुख्य

एविल इंजेक्शन का नशे में उपयोग, 150 इंजेक्शन के साथ 2 आरोपी पकड़ाए

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

शहर में कई तरह के नशे के कारोबार चलाने वाले हैं। इसी में से एक है एविल इंजेक्शन। इसका अधिक नशा लेकर नशे में लोग उपयोग करते हैं। इसके चलते पुलिस ने शहर के बस स्टैंड पर दो दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे एविल के 150 इंजेक्शन जब्त किए हैं। इन आरोपियों में दूलगुप्त निवासी अजय कॉलोनी (28) और शिक्षक कॉलोनी निवासी रमीश सुकुरुद्दा (34) को गिरफ्तार किया है। मुख्य निजने पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मेडिकल कॉलेज के पीछे ब्रुन इरवेक्टर जोन कुन्दर के साथ सदुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रखे गए 150 नग एविल इंजेक्शन जब्त किए गए तथा दो आरोपियों को मौके पर पकड़ा गया।

इसमें एंटीसाइकिक होता है कई जगह तो एविल की इंजेक्शन पर रोक लगी हुई है। इसका उपयोग प्यासिंग के तौर पर एलर्जी, शरीर पर सूजन पड़ जाने सहित, एंटी एलर्जिक के तौर पर किया जाता है। इसमें एंटीसाइकिक

युवा संगम व रोजगार मेला आज ग्यारसपुर में आयोजन

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 12 जनवरी को जनपद पंचायत ग्यारसपुर के परिसर में स्थित अंगीकिका भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है।

जिला रोजगार अधिकारी श्री एमी खान ने बताया कि आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेंटिसशिप मेला के माध्यम से जिले के कंपनियों तथा प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न पदों के लिये उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा शासन के अन्य विभागों द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराये जाने की जानकारी उपलब्ध कराई जावेगी।

आवेदक की उम्मीदवार 10वी पास या उससे अधिक तथा आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष। आवेदकों साक्षात्कार के लिये शैक्षणिक योग्यता संबंधी (अकसुधी) प्रमाण पत्र अपने साथ आवश्यक रूप से लावे। रोजगार मेले में दिन प्रति एसोटेक लि. मोबाइल एसाईडी एप्लीकेशी बैंक, एल एन जे भीपाल, वाकमी ग्रुप, एसीडीई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान विदिशा, एसीडीई लाइटेक इंफ्रास्ट्रेक्चर विदिशा, एल आईसी, विदिशा, नव भारत स्टील्स लि., टोल टेस्ट सेंटर रायसेन, फ्रंटल एप्लूकेशन कार्पोरेशन आई टी सी विदिशा, एवं ईकेसी टेक्नो लगत इंडोरेस आदि कंपनीयों के प्रतिनिधियों उपस्थित होंगे।

रोमांचक मुकाबला

कनारा क्रिकेट ट्रॉफी में क्वार्टरफाइनल मुकाबले काफी रोमांचक रहा

फरीदाबाद की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

कनारा क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को 56वी अखिल भारतीय कनारा क्रिकेट ट्रॉफी में क्वार्टरफाइनल मुकाबले काफी रोमांचक रहे। शहर के प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिक इस आयोजन में मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

दिन के पहले मुकाबले में फरीदाबाद ने उदयपुर को 7 विकेट से हराया। उदयपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.2 ओवर में 145 रन बनाए, जिसमें शौर्यवर्धन सिंह ने 88 रनों की तेज पारी खेली। फरीदाबाद के हर्ष यादव ने 4 विकेट लेकर टीम को मजबूत स्थिति दिलाई। जवाब में फरीदाबाद ने 16.3 ओवर में 147 रन बनाकर जीत दर्ज की। कृष्ण बदाना (47), दीपक (34) और शिवांश मिश्रा (23) ने रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले हुए दूसरे क्वार्टरफाइनल में चंडीगढ़ ने गुजरात को 5 विकेट से हराकर जीत हासिल की। गुजरात ने 19 ओवर में 145 रन बनाए, जिसमें कमलेश प्लेटल (43) और युवराज नवानगर (38) ने योगदान दिया।

चंडीगढ़ के कप्तान प्रखर तिवारी ने 5 विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए शुभम यादव (56) और शाहिल (50) ने शानदार बल्लेबाजी की और टीम को 18.1 ओवर में जीत दिलाई। प्रखर तिवारी को मैन ऑफ द मैच सम्मान मिला। सोमवार को इंडियन नेवी और चंडीगढ़ के बीच सेमीफाइनल खेला जाएगा। इस मुकाबले को लेकर उत्साह और प्रत्याशा दोनों चरम पर हैं।

पुलिस ने 149 वाहन नीलाम किए एक हजार से 34 हजार तक बिकीं गाड़ियां,

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

विदिशा पुलिस ने थानों में जब्त पड़े 149 दोपहिया वाहनों की रविवार को खुली नीलामी की। सिविल लाइन थाना परिसर में आयोजित इस नीलामी से पुलिस को 10 लाख 84 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। यह पहल वर्षों से थानों में खड़े वाहनों की समस्या के समाधान के लिए की गई है।

नीलामी में बजाज स्कूटर, हीरो, हीरो पंप, राजदूत, टीवीएस और जावा जैसी विभिन्न कंपनियों के दोपहिया वाहन शामिल थे। इन वाहनों की आधार कीमत एक हजार से चार हजार रुपए निर्धारित की गई थी। हालांकि, खुली बोली के कारण कई वाहन अपनी तय कीमत से कई गुना अधिक दाम पर बिके।

इस नीलामी में विदिशा के साथ-साथ आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। उन्होंने अपनी पसंद के वाहनों के लिए बढ़-चढ़कर बोली लगाई। नीलामी देर रात तक जारी रही। सबसे महंगी लावा कुलेट 34 हजार रुपए में नीलाम हुई, जबकि अधिकांश वाहन 15 हजार रुपए से अधिक कीमत पर बिके।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पहले जब्त वाहनों को लौट में देने पर आपेक्षित कीमत नहीं मिल पाती थी। इसी कारण इस बार खुली नीलामी की व्यवस्था की गई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने जानकारी दी कि जिले के विभिन्न थानों में अभी भी एक हजार से अधिक जब्त वाहन मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य थानों में भी ऐसी ही नीलामी आयोजित की जाएगी। इस पहल से थानों में जगह की समस्या कम होगी, आम लोगों को किफायती दामों पर वाहन उपलब्ध होंगे और सरकारी राजस्व में भी वृद्धि होगी।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

माघ कृष्ण पक्षा - 10, 2082

राजगढ, दिन सोमवार, दिनांक 12 जनवरी, 2026

न्यूज गैलरी

जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम 12 जनवरी को

राजगढ़। युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम 12 जनवरी, 2026 को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेल परिसर राजगढ़ में प्रातः 8 बजे आयोजित किया जाएगा। आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार में प्रातः 6:30 से कार्यक्रम स्थल पर विद्यार्थियों का मैदान में एकत्रीकरण एवं सूर्य नमस्कार हेतु अंकित बूंदों पर पंक्तिबद्ध होना। प्रातः 6:30 बजे मुख्य अतिथि तथा अन्य जनप्रतिनिधि का आगमन, प्रातः 6:28 बजे माँ सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मुख्य अतिथि का स्वागत, प्रातः 9:30 बजे से प्रातः 10:00 बजे तक आकाशवाणी के मध्यप्रदेश के सभी केन्द्रों से सीधा प्रसारण (राष्ट्रगीत वंदेमातरम्, स्वामी विवेकानंद जी की प्रार्थना, मुख्यमंत्री का संदेश, सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्रातःकालीन) तथा कार्यक्रम का समापन प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा।

आज सारंगपुर आएंगे राज्यसभा सांसद सोलंकी

राजगढ़। राज्यसभा सांसद सुरेश सिंह सोलंकी 12 जनवरी यानी आज दोपहर 12:00 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण, सारंगपुर में आयोजित युवा संगम रोजगार मेला-2026 में शामिल होंगे। कार्यक्रम उपरांत सोलंकी शाम 5 बजे सारंगपुर से प्रस्थान करेंगे।

भारतीय टीपी संघ ने किया पुस्तक का विमोचन

राजगढ़। भारतीय टीपी संघ ने जिला पुस्तकालय में साहित्यकार संजय सक्सेना की दूसरी पुस्तक श्रंखारी का आखिरी कन्नर का विमोचन किया। कार्यक्रम में लेखक का सम्मान भी किया गया। संघ सम्पादक सुरेंद्र सिंह जमरा, इरशाद अली, मनोज शाक्य और शाहिद प्रहरी ने विचार रखे।

श्रमोदय आवासीय स्कूलरू प्रवेश के आवेदन 20 तक

राजगढ़। श्रमोदय आवासीय विद्यालय गोपाल, इंदौर, पालकपुर और महेश्वर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं से 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी 20 जनवरी 2026 तक ओमेशपथ पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी 2026 को होगी। प्रवेश पत्र छठी पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

हिन्दू सम्मेलन ब्यावरा को 8 बस्तियों में एक सास्यन्द सम्मेलन संपन्न

संघ शताब्दी वर्ष पर समाज -से पंच परिवर्तन का आहवान

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को ब्यावर नगर में ऐतिहासिक आयोजन हुआ। नगर की 8 प्रमुख बस्तियों में एक ही दिन और एक ही समय पर 8 अलग-अलग स्थानों पर भव्य हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। इन सम्मेलनों में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों, साधु संतों और प्रमुख वक्ताओं ने संघ की सौ वर्षों की राष्ट्रसेवा यात्रा, सामाजिक चुनौती तथा समाज परिवर्तन के लिए पांच परिवर्तन विषय पर मार्गदर्शन दिया।

विरोधी भी करने लगे स्वयंसेवक संघ की सराहना

महाराणा प्रताप बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन को भारतीय विचार संघ के प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा अनुशासन, अध्ययन और सेवा आधारित रही है। संघ की कार्यपद्धति को देखकर आज उसके विरोधी भी उसकी सराहना करने लगे हैं। संघ के खिलाफ नकारात्मक वातावरण बनाने वाले लोग आज संगठन की मजबूती और विचारधारा के सामने पस्त हो चुके हैं। उन्होंने समाज में समरसता लाने के लिए पंच परिवर्तन की आवश्यकता बताई।

अन्य वक्ताओं ने भी रखे अपने विचार

सुगंध बस्ती में क्षेत्र व्यवस्था प्रमुख सुरेश जैन मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने संघ के सौ वर्ष योगदान पर प्रकाश डाला। के. इतिहास और राष्ट्र निर्माण में उसके विभिन्न बस्ती में प्रमोद पवार ने हिंदुत्व और पंच परिवर्तन पर चिंतन रखे। वाल्मीकि बस्ती में विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र शर्मा ने सकारात्मक परिवर्तन में नागरिकों की भूमिका पर जोर दिया। पूनमचन्द बस्ती में प्रांत सह व्यवस्था प्रमुख रामगोपाल चौहान, बिहारीजी बस्ती में सेवा भारती संगठन मंत्री रमेश सिंह तथा अयोध्यालाल बस्ती में गजेन्द्र संघ के संगठन मंत्री निशान कुमार ने सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलनों के पूर्व सभी बस्तियों से भव्य सामाजिक एवं कलश यात्राएं निकाली गईं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। हिंदू सम्मेलन के चलते ब्यावरा नगर में पूर्ण धार्मिक वातावरण बना रहा। ब्यावर सेवेला से बंद रहे और नागरिकों ने बड़ी संख्या में सम्मेलनों में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

कुएं में दो दिन से कैद था भेड़िया, दो घंटे के रेस्क्यू के बाद टीम ने बाहर निकाला

डीआर संवाददाता ✍ छापीहेड़ा

छापीहेड़ा तेलीखेड़ा गांव में वन विभाग की टीम ने कुएं में गिरे एक भेड़िए का सुरक्षित रेस्क्यू किया। ये जंगली जानवर पिछले दो दिनों से ढालवा प्रताप शर्मा के खेत में बने गहरे कुएं के अंदर फंसा हुआ था। सूचना मिलने के बाद राजगढ़ से आई रेस्क्यू टीम, वन विभाग के उड़न दस्ते और स्थानीयों की मदद से भेड़िए को जाली में सकुशल सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। रेस्क्यू के बाद वन विभाग की टीम ने भेड़िए को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

6 बहनों के बाद मन्नतों से जन्मा था हिमांशु, घर के पीछे खेत में करंट लगने से हुई मौत

खुजनेर। बिलावनिया गांव में 18 साल के युवा हिमांशु नागर की करंट लगने से मौत हो गई। ये घटना पूरे क्षेत्र के लिए इसलिए अधिक दुखद है क्योंकि कैलाश नागर को 6 बेटियों के बाद इस इकलौते बेटे की प्राप्ति हुई थी। रविवार दोपहर करीब 2 बजे हिमांशु घर के पीछे खेत में पानी फेंक रहा था, तभी बिजली के तार से पानी में करंट फैल गया। घटना के समय वह खेत पर अकेला था। कुछ देर बाद जब परिजनों ने उसे बेसुध देखा, तो तुरंत खुजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इकलौते पुत्र की आकस्मिक मौत से परिवार टूट गया है और पूरे गांव में मातम का माहौल है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग जांच के लिए हायरी नवोदय पुलिस आगे कार्यवाही कर रही है।

डीजी. जेल श्री वरुण कपूर ने किया जिला जेल का निरीक्षण, बंदियों से किया सीधी संवाद

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

प्रदेश के डीजी. जेल श्री वरुण कपूर द्वारा शुक्रवार को जिला जेल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल परिसर की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया तथा जेल में बंदियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं की जानकारी ली। डीजी. जेल श्री कपूर ने बंदियों से खान-पान की गुणवत्ता, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला कैदियों से विशेष संवाद किया तथा उनके अवयस्क रहने की स्थिति, स्वास्थ्य, भोजन व्यवस्था एवं बच्चों की देखभाल को लेकर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर डीजी. जेल द्वारा महिला कैदियों के बच्चों की सुविधा हेतु साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश जेल अधीक्षक को दिए, जिससे बच्चों को शिक्षा एवं दैनिक आवागमन में सुविधा मिल सके। साथ ही जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों के मानवीय अधिकारों, स्वास्थ्य एवं पुनर्वास से जुड़े सभी पहलुओं पर विशेष संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अमित संजेलिया भी उपस्थित रहे। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था एवं अनुशासनात्मक पहलुओं की जानकारी साझा की।

8 महीने से नाबालिग का पीछा कर रहा था युवक, बात नहीं करने पर हाथ पकड़ा

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

ब्यावरा सिटी थाना अंतर्गत शहर में एक युवक द्वारा 15 वर्षीय नाबालिग का हाथ पकड़ लिया। बात नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। नाबालिग की की शिकायत पर सिटी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी का मामला दर्ज किया है।

नाबालिग ने बताया कि वह शहर में किराए से रहती है। कक्षा 9वीं की पढ़ाई करती है। कोठियावेली निवासी साहिल पुत्र भगवान सिंह लववंशी उसे 8-9 महीने से परेशान करता है। जहां भी जाती है वह उसके पीछे-पीछे आता है।

शुक्रवार रात वह अपने घर के बाहर खड़ी थी। साहिल आया और कहने लगा की तुम मुझसे बात नहीं करती हो और बुरी निगाह से मेरा हाथ पकड़ लिया। घर के बाहर खड़ी होने बीते 8 महीने से पीछा कर रहा था। नाबालिग जहां भी जाती थी आरोपी पीछे आता था। रात में घर के बाहर खड़ी थी, उसी समय आरोपी बोला की मुझसे बात क्यों नहीं करती हो। मैंने बात करने से मना किया तो बुरी नियत से मेरा हाथ पकड़ लिया। घर के जाते हुए नाबालिग से बोला कि तुमने ये घटना किसी को बताई या शिकायत की तो जान से मार देंगे। नाबालिग की शिकायत पर सिटी पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

मुदित ने 5 मिनट में जोड़ी 61 संख्याएं, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में रिकॉर्ड दर्ज

ओलंपियाड और यूएसए बुक अ०फ रिकार्ड्स में भी नाम दर्ज करा

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

डिजिटल युग में जहां लोग साधारण गणना के लिए लिए भी कैलकुलेटर का सहारा लेते हैं, वहां 7 साल के मुदित शर्मा ने अपनी गणितीय मेधा से सबको हैरान कर दिया है। राजगढ़ के पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा के नाती मुदित ने गणित में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। मूलतः राजगढ़ निवासी और वर्तमान में प्रयागराज में प्रमाण-पत्रों के साथ मुदित को सम्मानित कर दिया। संस्था ने इस रिकॉर्ड की आधिकारिक पुष्टि करते हुए मुदित को प्रमाण-पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया है। मुदित इससे पहले गणित इंटरनेशनल ओलंपियाड और यूएसए बुक ऑफ रिकार्ड्स में भी अपना नाम दर्ज करा चुके हैं।

शर्मा (गुरुग्राम में रह रहे गितिन शर्मा और रजुरा शर्मा के पुत्र मुदित ने संख्या के पैनल के सामने अपनी प्रतिभा का लाइव प्रदर्शन किया। मुदित ने मात्र 5 मिनट के निर्धारित समय में दो अलग-अलग अंकों वाली 61 संख्याओं को मौखिक रूप से जोड़कर पहले से दर्ज रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। संस्था ने इस रिकॉर्ड की आधिकारिक पुष्टि करते हुए मुदित को प्रमाण-पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया है। मुदित इससे पहले गणित इंटरनेशनल ओलंपियाड और यूएसए बुक ऑफ रिकार्ड्स में भी अपना नाम दर्ज करा चुके हैं।

अब हर सप्ताह पानी की जांच करेंगे कर्मचारी, प्रशिक्षण देकर सौंपी किट

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

राजगढ़। जिला कलेक्टर, मुदित के निगरानी में जोड़ी 61 संख्याएं, इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में रिकॉर्ड दर्ज

ओलंपियाड और यूएसए बुक ऑफ रिकार्ड्स में भी नाम दर्ज करा चुके हैं

डिजिटल युग में जहां लोग साधारण गणना के लिए लिए भी कैलकुलेटर का सहारा लेते हैं, वहां 7 साल के मुदित शर्मा ने अपनी गणितीय मेधा से सबको हैरान कर दिया है। राजगढ़ के पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा के नाती मुदित ने गणित में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। मूलतः राजगढ़ निवासी और वर्तमान में प्रयागराज में प्रमाण-पत्रों के साथ मुदित शर्मा।

गणित में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। मूलतः राजगढ़ निवासी और वर्तमान में प्रयागराज में प्रमाण-पत्रों के साथ मुदित शर्मा।

गुरुग्राम में रह रहे गितिन शर्मा और रजुरा शर्मा के पुत्र मुदित ने संख्या के पैनल के सामने अपनी प्रतिभा का लाइव प्रदर्शन किया। मुदित ने मात्र 5 मिनट के निर्धारित समय में दो अलग-अलग अंकों वाली 61 संख्याओं को मौखिक रूप से जोड़कर पहले से दर्ज रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। संस्था ने इस रिकॉर्ड की आधिकारिक पुष्टि करते हुए मुदित को प्रमाण-पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया है। मुदित इससे पहले गणित इंटरनेशनल ओलंपियाड और यूएसए बुक ऑफ रिकार्ड्स में भी अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। इस उपलब्धि के बाद जब उन्होंने एशिया बुक ऑफ रिकार्ड्स के लिए पंजीयन कराया है। राजगढ़ जिले का नाम रोशन करने वाली इस सफलता पर परिजनों ने खुशी जाहिर की है।

धार्मिक लक्ष्मिता श्रीजी ने श्वेतांबर मंदिर में साधकों को दिए गुर

मंदिरों में परमात्मा स्थापित कर दिया, हृदय में विराजमान करना बाकी: साध्वी

डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर

हमने मंदिरों में तो परमात्मा को स्थापित कर दिया है, परंतु अपने हृदय रूपी मंदिर के अंदर परमात्मा को विराजमान करना अभी बाकी है। जब तक आंतरिक तैयारी नहीं होगी, बाहरी महोत्सव का पूर्ण लाभ नहीं मिल पाएगा।

यह मार्मिक उद्गार युवा संसार वाणी एवं, साध्वी श्री लक्ष्मिता श्री जी म.सा. ने रविवार को सुराना चौराहा स्थित श्री वासुपूज्य स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर में व्यक्त किए। रविवार को धर्मसभा का शुभारंभ मंगल प्रार्थना और नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के साथ हुआ। साध्वी श्री ने बताया कि आगामी ध्यान

महोत्सव (पाटोत्सव) की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और यह भव्य आयोजन माघ शुक्ल तिथि को वासुपूज्य स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर में व्यक्त किए। रविवार को धर्मसभा का शुभारंभ मंगल प्रार्थना और नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के साथ हुआ। साध्वी श्री ने बताया

प्रवचन में साध्वी श्री ने सुख और दुख के कारणों को स्पष्ट करते हुए कहा कि देव, गुरु और धर्म हमें तारने का काम करते हैं। यदि जीवन में कुछ अमंगल (अच्छा) हो रहा है, तो यह देव और गुरु का प्रसाद (कृपा) है। लेकिन यदि जीवन में अमंगल हो या विपत्तियां आएं, तो वह किसी और के कारण नहीं, बल्कि स्वयं के कर्मों का उदय है। हमारी हर उपलब्धि का कारण हमारे ही कर्म हैं।

विपत्ति स्वयं के कर्मों का फल

अपने कर्मों का गणित समझाया। साध्वी श्री ने जिनशासन में वर्णित आठ प्रकार के कर्मों (ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अंतराय) की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने समझाया कि जैसे ये कर्म जीव को संसार में बांध कर रखते हैं और इनसे मुक्ति पाकर ही मोक्ष संभव है। प्रवचन के अंत में साध्वी जी ने मंगलों सुनाकर सबको आशीर्वाद दिया।

14 तक चलेंगे नियमित कार्यक्रम

मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि साध्वी श्री के सानिध्य में 14 जनवरी तक प्रतिदिन विशेष धार्मिक कार्यक्रम चलेंगे।

सुबह 6:30 बजे मंगलाचरण एवं प्रार्थना

सुबह 9:30 बजे प्रवचन (प्रवचन सुधा)

दोपहर 2:00 बजे महिलाओं की धार्मिक चर्चा एवं कक्षाएं

राजस्थान की बारिश ने राजगढ़ में बढ़ाई ठिठुरन

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

राजगढ़ शहर सहित ब्यावरा के क्षेत्रों में रविवार की सुबह मौसम के बदले मिजाज ने जनजीवन को प्रभावित किया। राजस्थान में एक-दो दिन पहले हुई बारिश का असर अब राजगढ़ जिले के वातावरण में साफ दिखाई दे रहा है। रविवार सुबह पूरा जिला घने कोहरे की सफेद चादर में लिपटा नजर आया, जिससे सड़कों पर दृश्यता (विजिबिलिटी) काफी कम रही सड़ी और वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। तापमान में बढ़ोतरी के बावजूद शहर राजगढ़ के न्यूनतम तापमान में 3.1 डिग्री की बढ़ा दर्ज की गई है। रविवार को न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो शनिवार

के मुकाबले ज्यादा है। हालांकि, तापमान में इस बढ़त के बावजूद वातावरण में नमीयुक्त नमी और कोहरे के कारण सुबह के समय लोगों को ठंड और ठिठुरन का अहसास हुआ।

अगले 24 घंटे मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावनाएं मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी 24 घंटों को लेकर विशेष चेतावनी जारी की है। राजगढ़ के साथ ही पड़ोसी जिले आगर-मालवा, मंदसौर, नीमच सहित शिवपुरी, गुना और श्योपुरकलां में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। विभाग ने इन क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर मध्यम कोहरे छाए रहने की संभावना जताई है। बना जाएगा है। रविवार सुबह सामने आई तस्वीरों में कोहरे का असर साफ दिखाई दे रहा है, जहां शहर की इमारतें और सड़कें धुंध में ओझल नजर आ रही